# फर्जी तरीके से आधार व जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाला एक गिरफ्तार

संदेश वाहक न्यूज

**श्रावस्ती।** जिले की एसओजी एवं पुलिस की संयुक्त टीम को एक और बड़ी सफलता मिली है। उक्त टीम ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एक आरोपी को उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आठ जून को मुखबिर की सूचना पर एसओजी एवं सिरसिया पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना सिरसिया क्षेत्रांतर्गत पंडित अर्जुन प्रसाद पब्लिक स्कूल बालापुर के बगल से प्रवीण कुमार मिश्रा पुत्र कपिल मुनि मिश्रा निवासी तकिया दाखिला लालपुर कुशमहवा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के



*पुलिस की गिरफ्त में फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाला आरोपी।*

अनुसार गिरफ्तार आरोपी ने बताया है कि वह पहले से बने हुए आधार कार्ड को अपडेट करता है तथा गलत तरीके से आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाता है। साथ हीं सीआरसी नामक प्रिंट पोर्टल पर आईडी बनाकर जन्म प्रमाण पत्र तथा गूगल व यूआईडीएआई के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड बनाने व संसोधन करने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस की मानें तो आरोपी यह कार्य वर्ष 2019 से कर रहा है। आरोपी ने बताया कि मैंने अपने सहयोगी के साथ मिलकर कुछ लोगों जिनकी संपत्ति नेपाल राष्ट्र व भारत दोनों जगह है, उनका जन्म प्रमाण पत्र व निवास

- **आरोपी के बनाए आधार से हो चुका है जमीनों का बैनामा**

प्रमाण पत्र बनाकर आधार कार्ड बनाएं हैं। जिसके आधार पर जमीन की रजिस्ट्री भी करवाई है।

इस तरीके से हम लोग आधार इनरोलमेंट का काम करते थे। गिरफ्तार आरोपी के पास से मोबाइल, प्रिंटर मशीन, फिंगर स्कैनर, प्रिंटर यूएसबी केबिल, पॉवर एक्शटेन्सन, ओटीजी, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आधार एनरोलमेंट स्लिप सहित बीस हजार से अधिक रुपये नगद बरामद हुए हैं। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# साइबर अपराधियों से निपटने के लिए रहना होगा अपडेट

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय सभागार में सोमवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध की विवेचना में होने वाली समस्याओं से निपटने की जानकारी दी गई। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय विधि विज्ञान विश्वविद्यालय के एलएनजेएन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिमिनोलॉजी एंड फोरेंसिक साइंस की ओर से किया गया। इसमें विभागाध्यक्ष डॉ. मिनाक्षी सिन्हा ने साइबर अपराधों की विवेचना में आने वाली व्यावहारिक व तकनीकी समस्याओं के बारे में जानकारी दी। एएसपी मुकेश कुमार उत्तम ने कहा कि साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। नए-नए तरीकों से अपराधी अपराध को अंजाम देते हैं। ऐसे में पुलिस को भी अपडेट रहकर साइबर अपराधियों से एक कदम आगे सोचना होगा। (संवाद)